प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 07.08.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अयोध्या में ब्रह्मलीन परमहंस रामचंद्र दास की 21वीं पुण्यतिथि पर उनकी मूर्ति का किया अनावरण : कहा– अयोध्या के विकास को देखकर अचंभित हैं लोग।
2. प्रदेश सरकार सभी 75 जिलों में अगले एक साल में लगाएगी एक लाख 72 हजार से अधिक आरोग्य मेले : तीन हजार से अधिक स्वास्थ्य केंद्रों पर होगा आयोजन।
3. 10वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर आज प्रदेशभर में आयोजित हुए कार्यक्रम : मंत्री राकेश सचान ने कानपुर में बुनकरों को किया सम्मानित।

और

4. ब्रज में आज हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है हरियाली तीज : वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में स्वर्ण–रजत हिंडोले में विराज ठाकुरजी के दर्शन के लिए उमड़े लाखों भक्त।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या दौरे के दूसरे दिन आज दिगंबर अखाड़ा में श्रीराम जन्मभूमि न्यास के पूर्व अध्यक्ष ब्रह्मलीन परमहंस रामचंद्र दास की 21वीं पुण्यतिथि पर उनकी मूर्ति का अनावरण किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री

ने कहा कि प्रभु श्रीराम के परम भक्त ब्रह्मलीन परमहंस रामचंद्र दास का पूरा जीवन राम जन्मभूमि के लिए समर्पित रहा। उन्होंन कहा कि डबल इंजन की सरकार अयोध्या के सम्मान को संरक्षित व सुरक्षित करने के लिये लगातार प्रयासरत है। पांच–सात वर्ष बाद अयोध्या आने वाले लोग यहां के विकास को देखकर अचंभित हैं। बाइट....

*जो लोग 5 साल, 7 साल बाद अयोध्या आये है आज वो अयोध्या आकर के अंचम्भित होते है। अयोध्या आ करके उन्हें लगता है कि वास्तव में हम एक नई जगह आये हैं। अयोध्या में पहले एयरपोर्ट नहीं था, अब एयरपोर्ट की सुविधा है, इंटरनेशनल एयरपोर्ट की सौगात अयोध्या को मिली है। देश और दुनिया से अयोध्या धाम की कनेक्टिविटी बढ़ी है, रेलवे की बेहतरीन सुविधाएं अब प्राप्त हुई है। रामजी की पैड़ी का सुन्दरीकरण का कार्य हुआ है। पुरातत्व विभाग के मठ और मंदिरों के सुन्दरीकरण और उनके साथ उन्हें जोड़ने की कार्रवाई को तेजी के साथ एक नई गति मिली है।*

————————————

उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अम्बेडकर नगर में जनपद स्तरीय विकास कार्यो और कानून व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने जनहित कार्यो को गुणवत्ता के साथ तय समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिये। इससे पहले मुख्यमंत्री ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर कटेहरी में होने वाले उपचुनाव को लेकर बातचीत की।

————————————

प्रदेश सरकार सभी 75 जिलों में अगले एक साल में एक लाख 72 हजार से अधिक आरोग्य मेलों का आयोजन

करेगी। यह मेले अगस्त 2024 से जुलाई 2025 के बीच प्रदेश के तीन हजार से अधिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रत्येक रविवार सुबह 10 बजे से दो बजे तक लगाए जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग हर माह 13 से 16 हजार आरोग्य मेलों का आयोजन करेगा। इनमें विशेषज्ञ चिकित्सक ओपीडी के साथ हो टीबी, डेंगू, मलेरिया, दिमागी बुखार, फाइलेरिया और कुष्ठ रोग समेत अन्य बीमारियों का इलाज करेंगे। आरोग्य मेलों में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान की जानकारी लोगों को दी जाएगी।

——————————

प्रदेश में आज 10वां राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाया जा रहा है। इसी क्रम में कानपुर में प्रदेश सरकार के मंत्री राकेश सचान ने बुनकरों को सम्मानित किया। हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग की ओर से आयोजित बुनकर जागरूकता एवं सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए श्री सचान ने कहा कि बुनकरों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाएं चल रही है। उन्होंने बुनकरों के परंपरागत उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए प्रदेशवासियों से ज्यादा से ज्यादा इन उत्पादों को खरीदने की अपील की। बाइट....

*हैंडलूम के जो उत्पाद है, बुनकरों के जो उत्पाद है, ज्यादा से ज्यादा उनको खरीदे, क्योंकि उनको खरीदने से इनकी रोजी रोजगार भी बढ़ेगा*

*और इनकी आमदनी भी बढ़ेगी और तमाम तरीके से जो बुनकर कार्य कर रहे है और आगे बढ़ाने में तमाम सारी जो योजनाएं है हमारी पार्टी की चल रही है उन योजनाओं से उनको लाभ भी दिया जा रहा है। कई बड़ी योजनाएं है मुख्यमंत्री बुनकर योजना है बहुत सारी योजनाएं हम लोग चला करके उनको प्रोत्साहित भी करते है उनको पुरस्कार भी देते है, कार्यशाला बनाने के लिये हम लोग 80 हजार रुपये तक देते है, 30 हजार रुपये हैंडलूम की मशीन खरीदने के लिये देते है। लगातार जो अच्छा काम करते है उनको 25 हजार से एक लाख रुपये तक का पुरस्कार भी देते हैं।*

**जनपद भदोही में आज जूट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया की ओर से कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें कालीन बनाने में जूट का प्रयोग कैसे बढ़ाया जा सकता है, इस पर चर्चा की गई।**

————————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

**प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।**

————————

दवरिया में पंडित दीनदयाल उपाध्याय आश्रम पद्धति विद्यालय में फूड प्वाइजनिंग के कारण बीमार पड़े 60 से अधिक बच्चों में से आठवीं क्लास के एक बच्चे की आज गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई। इन बच्चों की तबीयत बीते रविवार को खराब हुई थी। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने बताया कि इस मामले की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए गए हैं। एसडीएम सदर इस मामले की जांच पूरी कर तीन दिन में रिपोर्ट देंगे। इसके अलावा खाना उपलब्ध करवाने वाली फर्म के ठेकेदार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराते हुए ठेका निरस्त करने का आदेश जिला समाज कल्याण अधिकारी को दिया गया है। इस मामले में खाद्य विभाग की टीम पहले ही सैंपल ले चुकी है।

———————————

हरियाली तीज का पर्व आज ब्रज में पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। दूर दराज से लाखों श्रद्धालु दर्शन करने के लिए मंदिरों में पहुंच रहे हैं। वृंदावन के प्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर में सोने–चांदी से जड़ित सिंहासनुमा झूले में विराजमान होकर ठाकुरजी भक्तों को दर्शन दे रहे हैं। मथुरा जिला प्रशासन ने त्योहार को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट..........

*मथुरा धर्म की नगरी वृंदावन में आज हरियाली तीज के पर्व पर जगप्रसिद्व ठाकुर बांके बिहारी जी सुबह से लेकर शाम तक श्रद्वालु दर्शन कर रहे है। आज प्रातः काल से ठाकुर बाँके बिहारी जी को मंदिर के गर्भ–गृह से बाहर निकालकर करीब 32 फुट चौड़े और 12 फुट ऊंचे विशाल स्वर्ण– रजत हिंडोले में विराजमान कराया गया और उनके दोनों ओर खड़ीं सखियां प्रतीकात्मक रूप में उन्हें झूला झुला रही थीं। हरियाली–तीज मंदिर में खास सजावट की गई। साथ ही ठाकुरजी को भोग स्वरूप विशेष मिठाई घेवर–फैनी अर्पित की गई। महिलाएं मल्हार गाकर मंदिर में हिंडोला उत्सव मना रही हैं। मोहम्मद उमर कुरैशी, आकाशवाणी समाचार, मथुरा।*

————————

ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार ने यूपी में ग्रामीण क्षेत्रों को पिछले चार वर्षो से प्रतिदिन महज 16 घंटे बिजली दिये जाने को गंभीर माना है। मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत नियामक आयोग को पत्र लिख कर इस मामले में बिजली कम्पनियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिये है। यह भी कहा है कि मुआवजा कानून के तहत ग्रामीण उपभोक्ताओं को स्वतः मुआवजा मिले ऐसी व्यवस्था की जाये। आयोग से इस मामले में 15 दिनों में रिपोर्ट देने को कहा है। भारत सरकार ऊर्जा मंत्रालय के अंडर सेक्रेटरी के हवाले से यह पत्र सचिव विद्युत नियामत आयोग को लिखा गया हैं। उपभोक्ता अधिकार कानून 2020 के तहत ग्रामीण और शहरी सभी क्षेत्रों को 24 घंटे बिजली सप्लाई करने की व्यवस्था दी गई है।

————————

पेरिस ओलंपिक में महिला पहलवान विनेश फोगाट का वजन 100 ग्राम अधिक होने के कारण उन्हें 50 किलोग्राम भार वर्ग की फ्रीस्टाइल कुश्ती की फाइनल स्पर्धा के लिये अयोग्य घोषित कर दिया गया है। भारतीय ओलंपिक संघ ने एक वक्तव्य में कहा कि रात में टीम द्वारा किए गए प्रयासों के बावजूद आज सुबह फोगाट का वजन 50 किलोग्राम से कुछ ग्राम अधिक था।

——————————

बसपा कार्यकाल में धरना प्रदर्शन और रोड जाम के मामले में आप राज्यसभा सांसद संजय सिंह व सपा के पूर्व विधायक अनूप संडा समेत छह आरोपियों की तीन माह जेल की सजा बरकरार रहेगी। एमपी एमएलए कोर्ट की न्यायाधीश ने सजा खत्म करने की अपील कल खारिज कर दी है।

——————————

प्रदेश में बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण बदायूं में गंगा नदी खतरे के निशान स ऊपर पहुंच गई हैं। बोते 24 घंटों में लखनऊ, कौशांबो, रायबरेली, पीलीभीत, सुल्तानपुर, अमरोहा और मुरादाबाद समेत अन्य जनपदों में मध्यम से तेज बारिश दर्ज की गई। मुरादाबाद में बारिश के कारण रेलवे लाइन जलमग्न हो गई। रेलवे की ओर से पम्प लगाकर ट्रैक से पानी निकलवाया गया।

(समाप्त)